पंजाब नैशनल बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) pnb punjab national bank (Govt. of India Undertaking)

मानव संसाधन विकास विभाग, मंडल कार्यालय जयपुर-सीकर
2, नेहरू प्लेस, द्वितीय तल, टोंक रोड़, जयपुर (राज.) पिन-302015

अधीनस्थ संवर्ग में चपरासी (PEON) पद पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति

जयपुर एवं सीकर जिले में कार्यरत विभिन्न शाखाओ/कार्यालय में चपरासी के 14 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है, जिसके लिए पात्रता निम्नानुसार है :-

1. **आयु सीमाः-** दिनांक 01.01.2022 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 24 वर्ष हो। (ओबीसी/एस.सी./एस.टी. अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा में क्रमश 03 वर्ष /05 वर्ष /05 वर्ष की छूट, भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को 3 वर्ष (सैन्य सेवा की अवधि के अतिरिक्त) छूट तथा 1984 के दंगो में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को 3 वर्ष की छूट अनुमन्य है, समस्त छूटो के पश्चात अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है।
2. **शैक्षणिक योग्यता :-** न्यूनतम एवं अधिकतम 12वीं कक्षा (समकक्ष परीक्षा) उत्तीर्ण की हो तथा अंग्रेजी भाषा को पढने व लिखने का मूल ज्ञान हो।
3. **रिक्तियों का विवरण :-**

जिला	एससी	एसटी	ओबीसी (नॉन क्लीमीलेयर)	ईडब्लूएस	अनारक्षित	कुल
जयपुर	1	1	1	1	2	6
सीकर	2	1	1	1	3	8

4. उम्मीदवार उसी जिले का मूल निवासी हो जिसके लिए वह आवेदन कर रहा है।
5. **वेतनमानः** रु 14500-28145 एवं भत्ते (बैंक नियमानुसार)।
6. पात्र अभ्यर्थियों के चयन हेतु दसवी कक्षा के प्राप्तांक के 40 प्रतिशत तथा बारहवी कक्षा के प्राप्तांक के 60 प्रतिशत के आधार पर मैरिट बनाई जाएगी तथा मैरिट के आधार पर चयन किया जायेगा।
7. भर्ती प्रक्रिया बिना कोई कारण बताये निरस्त की जा सकती है, रिक्तियों की संख्या कम या बढ़ाने का सम्पूर्ण अधिकार बैंक प्रबंधन के पास सुरक्षित है तथा भर्ती सम्बन्धी अन्य सभी मामलो में बैंक प्रबंधन द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
8. उम्मीदवार नीचे दिए गए प्रारूप पर अपना **स्वहस्ताक्षरित** विस्तृत बायोडाटा, नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा कर समस्त दस्तावेजो की प्रतिलिपियो सहित बंद लिफाफा में सरकारी डाक (रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट) द्वारा इस प्रकार भेजे कि आवेदन पत्र हमें दिनांक 14-03-2022 को सायं 5.00 बजे से पूर्व निम्न पते पर प्राप्त हो- "मंडल प्रमुख, पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, जयपुर-सीकर, 2-नेहरु प्लेस, द्वितीय तल, टोंक रोड़, जयपुर (राज.) पिन-302015"
   लिफाफे पर **"अधीनस्थ संवर्ग में चपरासी (Peon) पद पर भर्ती हेतु आवेदन जिला जयपुर/सीकर (जो जिला लागू हो)"** लिखा होना चाहिए। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार/मान्य नहीं होंगे।
9. आधी-अधूरी व असत्य जानकारी वाले आवेदन पत्र तथा दसवीं कक्षा, बारहवीं कक्षा, मूलनिवास प्रमाण-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो तो) के अभाव वाले आवेदन-पत्र स्वतः निरस्त माने जायेंगे। आवेदन पर अंतिम विचार करने का सम्पूर्ण अधिकार बैंक प्रबंधन के पास सुरक्षित है।

दिनांक 04-03-2022 **मंडल प्रमुख**

अधीनस्थ संवर्ग में चपरासी (PEON) पद पर भर्ती हेतु आवेदन
जिला.............................के लिए

फोटो

अभ्यार्थी का नाम ....
पिता/पति का नाम ....
स्थाई पता ....
मोबाइल नंबर ....
ईमेल आईडी ....
श्रेणी .... जन्म तिथि ....
जिला जिसका निवासी है ....
पेन संख्या ....
आधार संख्या ....
शैक्षणिक योग्यताये-

परीक्षा का नाम	बोर्ड का नाम	उत्तीर्ण करने की तिथि	विषय	प्राप्तांक	प्रतिशत	अन्य

मै शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त प्रस्तुत सूचनायें सत्य है एवं कोई तथ्य छुपाया नहीं गया है। कोई भी सूचना गलत पाए जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

संग्लन :
मूल निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, रोजगार कार्यालय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता, (दसवी एवं बारहवी की अंक तालिका एवं अंतिम कक्षा उत्तीर्ण करने की टी.सी)

स्थानः ....

दिनांक : अभ्यर्थी के हस्ताक्षर